**बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान**
**(एपीडा, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा स्थापित)**
**पंजीकृत कार्यालय: तीसरी मंजिल, एनसीयूआई ऑडिटोरियम बिल्डिंग,**
**अगस्त क्रांति मार्ग (खेल गांव के सामने), नई दिल्ली-110016**

**विज्ञापन सं. 01/2024**

सोसायटी पंजीकरण अधिनियम , 1860 के तहत पंजीकृत बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान (बीईडीएफ) एक सोसायटी है जिसकी स्थापना कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा की गई है। बीईडीएफ द्वारा अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए एसवीपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , मोदीपुरम, उत्तर प्रदेश के परिसर में एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला और प्रदर्शन सह प्रशिक्षण (डी एंड टी) फार्म की स्थापना की गई। इन सुविधाओं पर की जाने वाली गतिविधियों में शामिल हैं: निर्यात में गुणवत्ता आश्वासन; सीमा शुल्क द्वारा लिए गए नमूनों के लिए प्राधिकृत केंद्र ; बासमती प्रजनक / आधार बीज का उत्पादन ; किसानों की जागरूकता और क्षमता निर्माण ; भौगोलिक संकेत (जीआई) उत्पाद के रूप में बासमती पंजीकरण का कार्यान्वयन ; बासमती चावल की नई अधिसूचित किस्मों को शामिल करने के लिए डीएनए परीक्षण प्रोटोकॉल के विस्तार के लिए सीडीएफडी, हैदराबाद के साथ कार्य करना ; राष्ट्रीय बासमती परीक्षणों के लिए गुणवत्ता विश्लेषण आदि।

बीईडीएफ भारतीय नागरिकों को प्रमाणित शैक्षणिक प्रत्यय पत्र, व्यावसायिक उपलब्धियों, ठोस संचार, पारस्परिक कौशल, अच्छा कार्य ज्ञान और लीडरशिप गुणों के साथ अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के रूप में बीईडीएफ में शामिल होने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। विज्ञापन का विवरण इस प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्योरा** |
|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम एवं संख्या** | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक - (01) |
| 2. | आवश्यक एवं अधिमान्य योग्यता | **अनिवार्य:**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी/बायो-टेक्नोलॉजी या संबंधित विषय में प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में विशेषज्ञता के साथ पीएचडी और डीएनए प्रोफाइलिंग/डीएनए अनुक्रमण/अन्य आणविक तकनीकों पर 07 वर्षों का पीएचडी पश्चात कार्य अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **वांछित:**<br><br>• चावल/बासमती चावल का ज्ञान<br>• गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों जैसे कि आईएसओ/आईईसी का ज्ञान।<br>• जेनेटिक एनालाइजर , आईसीपी/एमएस, एलसीएमएस/एमएस और जीसीएमएस /एमएस आदि जैसे उपकरणों को संभालने में कुशल। |
| 3. | आयु (अधिकतम) | साक्षात्कार की तिथि को आयु 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 4. | भर्ती प्रकार | साक्षात्कार |
| 5. | नियुक्ति की अवधि | प्रारंभ में **03 वर्ष** की अवधि के लिए , उम्मीदवार के कार्यभार और दक्षता के आधार पर विस्तार पर विचार किया जाएगा। अनुबंध की अधिकतम अवधि **05 वर्ष** होगी। |
| 6. | पारिश्रमिक | पारिश्रमिक का भुगतान योग्यता , अनुभव और चयन समिति के मूल्यांकन/अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।<br><br>भुगतान पर लागू टीडीएस की कटौती होगी। |

**<u>नियुक्ति की अन्य शर्तें</u>**

**क) कार्य के घंटे :** कार्य के घंटे सुबह 9.30 बजे से शाम 17.30 बजे तक है। हालांकि , कार्य की अत्यावश्यकताओं के चलते, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को शनिवार/रविवार/अवकाशों के दिन देर तक कार्यालय में बैठना पड़ सकता है। शनिवार/रविवार/अवकाशों के दिन कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कोई प्रतिपूरक अवकाश नहीं दिया जाएगा। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को अनिवार्य रूप से आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (बीएएस) में अपना नामांकन कराना होगा और आगमन और प्रस्थान के समय अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

**ख) अवकाश:** नियंत्रण अधिकारी के अनुमोदन के अधीन प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 2.5 दिन की दर से सवेतन अवकाश। कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश का संचयन नहीं किया जाएगा।

**ग) समापन:** बीईडीएफ किसी भी समय निम्नलिखित में से किसी भी स्थिति में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के रूप में नियुक्ति के लिए अनुबंध समाप्त कर सकता है।

- वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सौंपे गए कार्यों को पूरा करने में असमर्थ हो।
- वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के कार्य की गुणवत्ता बीईडीएफ की संतुष्टि के अनुरूप नहीं हो।
- वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक में ईमानदारी और निष्ठा की कमी हो।

**घ) सरकारी गोपनीयता अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक अधिनियमों/नियमों आदि की प्रयोज्यता**

वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के अधीन होंगे तथा वे बीईडीएफ में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के रूप में अपनी नियुक्ति के दौरान या उसके बाद , बीईडीएफ में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक होने के नाते एकत्रित की गई किसी भी जानकारी/डेटा का खुलासा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को नहीं करेंगे। इस संबंध में उनका ध्यान सीवीसी/अन्य सांविधिक निकायों द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों की ओर भी आकर्षित किया जाता है , जिसके अंतर्गत आधिकारिक पद का दुरुपयोग उन्हें जवाबदेह बनाता है तथा कानून की उचित प्रक्रिया के अंतर्गत मुकदमा चलाने योग्य बनाता है। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिकको हर समय समाज के हित में कार्य करना होगा तथा पेशेवर निष्ठा, पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धात्मकता और शिष्टाचार के साथ सेवा प्रदान करनी होगी।

**<u>नोट:</u>**

i. जिन उम्मीदवारों के पास आवेदन प्राप्त होने के समय अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव नहीं है, वे पात्र नहीं होंगे।
ii. भारत का राजपत्र संस्करण दिनांक 08.04.1955 में प्रकाशित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. 44 दिनांक 01.03.1955 के अनुसार , मुक्त विश्वविद्यालयों/दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से प्राप्त डिग्री को दूरस्थ शिक्षा परिषद , इग्नू द्वारा मान्यता प्राप्त होना आवश्यक है।
iii. सभी उम्मीदवारों को प्रासंगिक दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे अथवा जहां मूल डिग्री प्रदान नहीं की गई है, वहां मार्कशीट और अनंतिम प्रमाण पत्र बीईडीएफ द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।
iv. यह उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने दावे के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करें कि कोई विशिष्ट पाठ्यक्रम निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के समकक्ष है।
v. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त और अपूर्ण पाए गए आवेदन को यथाशीघ्र अस्वीकार कर दिया जाएगा।
vi. बीईडीएफ डाक में देरी या बीच में अवकाशों सहित किसी भी कारण से आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
vii. आवेदन प्रपत्र के साथ संपर्क नंबर और ईमेल आईडी भी होनी चाहिए।
viii. चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल/टेलीफोन के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

ix. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए एपीडा की वेबसाइट देखें।

x. बीईडीएफ एक आरक्षित पैनल तैयार कर सकता है।

xi. यदि नियुक्ति का प्रस्ताव पाने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के बाद समय से पहले ही पद नहीं संभालते या छोड़ देते हैं, तो उन पदों को आरक्षित पैनल के उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा। आरक्षित पैनल एक वर्ष के लिए वैध होगा।

xii. बीईडीएफ किसी भी उम्मीदवार का चयन न करने या उपयुक्त नामों का पैनल तैयार न करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xiii. वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक 30 दिन की अग्रिम सूचना देकर स्वेच्छा से अनुबंध समाप्त करने की मांग कर सकते हैं। हालाँकि , बीईडीएफ बिना कोई कारण बताए किसी भी समय अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xiv. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आवश्यकता को पूरा करने वाले उम्मीदवार वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक (पूर्णतया अनुबंध के आधार पर) के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

xv. आवेदन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक- "क" में दिया गया है) में प्रस्तुत किए जाने चाहिए और एक मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित किए जाने चाहिए , जिस पर <वरिष्ठ प्रधान **वैज्ञानिक, बीईडीएफ के पद के लिए आवेदन**> लिखा होना चाहिए।

xvi. आवेदन प्रपत्र सहित मुहरबंद लिफाफा , विधिवत् हस्ताक्षरित अनुलग्नकों सहित , **समाचार पत्रों में इसके प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों की अवधि के भीतर, नीचे उल्लिखित पते पर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।**

**"निदेशक, बीईडीएफ**
**तीसरी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग, 3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र,**
**अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली – 110016"**

निदेशक, बीईडीएफ

**अनुलग्नक "क"**

**बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक (अनुबंध पर) के पद के लिए आवेदन**

1. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में):
2. पिता/माता/पति का नाम:
3. स्थायी पता:
4. पत्राचार पता:
5. मोबाइल नं. एवं ई-मेल आईडी:
6. आधार नंबर:
7. जन्मतिथि:
   (आयु के प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
8. राष्ट्रीयता :
9. शैक्षिक योग्यता:

| क्र. सं. | विश्वविद्यालय/बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | स्ट्रीम/विषय | अंकों/सीजीपीए का % |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

(शैक्षिक योग्यता (अनिवार्य एवं वांछित दोनों) की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

10. प्रासंगिक क्षेत्रों में योग्यता पश्चात कार्य अनुभव:

| क्र. सं. | नियोक्ता का नाम | धारित पद नाम | पे स्केल/वेतन | नियुक्ति तिथि एवं छोड़ने की तिथि | निष्पादित कर्तव्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

11. प्रवीणता ज्ञात भाषाएँ:

12. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी:

# <u>घोषणा</u>

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई भी विवरण गलत या छिपा हुआ पाया जाता है, तो चयन प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी चरण में मेरी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त , मैं समझता/समझती हूँ कि यह पद अनुबंध पर पूरी तरह से अस्थायी है और यदि मेरी नियुक्ति के बाद यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत विवरण गलत या छिपा हुआ है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती है।

स्थान:

तिथि:

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर__

आवेदक का नाम__

*किसी भी भ्रांति की स्थिति में अंग्रेजी को वरीयता दी जाएगी